**शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय**

**राजनन्दगाँव (छ.ग.)**

# वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 एवं इकाई -2


**श्री संजय सप्तर्षि**
**कार्यक्रम अधिकारी**
**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1**

**श्रीमति करुणा रावटे**
**कार्यक्रम अधिकारी**
**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2**

**5जून 2022** *विश्व पर्यावरण दिवस*







"विश्व पर्यावरण दिवस" को डॉ. के. एल. टांडेकर प्राचार्य शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मार्गदर्शन में व NSS कार्यक्रम अधिकारी श्री नूतन देवांगन की उपस्थिति में NSS और NCC द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया । जिसमे विभिन्न प्रकार के औषधीय वृक्षों के पौधों का रोपण किया गया।

## ***21जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस***





### दिग्विजय कॉलेज में मना योग दिवस

राजनांदगांव. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आडिटोरियम में महाविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों, एनसीसी,एनएसएस, योग विभाग, खेल विभाग के विद्यार्थियों द्वारा योग कर मनाया गया. योग कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल.टांडेकर द्वारा किया गया उन्होंने अधिकारियों, कमर्चारियों तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक है यह केवल हमें केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं रखता अपितु मानसिक सुदृढ़ता भी प्रदान करता है. अतः हमें प्रतिदिन योग को जीवनचर्चा के रूप में अपनाना चाहिए. प्राचार्य डॉ. टांडेकर ने स्वयं सभी को योग कराया तथा बाद में योग विद्यार्थी कु. सरिता तथा एन.एस.एस. कैडेट थानसिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों को योग के विभिन्न आसनों के बारे में बताया. इस योग कार्यक्रम का संचालन अरूण कुमार चौधरी क्रीड़ाधिकारी ने किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री दीपक परगनिहा, एन.स.सी. अधिकारी डॉ. किरण लता दामले, एन.एस.एस. अधिकारी नूतन देवांगन, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.एम.राय, डॉ.एच.सी.जैन, डॉ. माजिद अली, डॉ.एस.के.उके, संजय देवांगन, कु. रागिनी पराते, महाविद्यालय कर्मचारी जी.डी.वैष्णव, श्रीमती संतुला देवांगन, केदार साहू आदि उपस्थित थे.



"अंतराष्ट्रीय योग दिवस" में शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में योग दिवस मनाया गया जिसमे महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, NSS, NCC, योग विभाग व खेल विभाग के विद्यार्थियों द्वारा योग कर मनाया गया। जिसका प्रतिनिधित्व महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा किया गया।

**15/07/2022** को रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.नूतन देवांगन एवं प्रो.संजय देवांगन, प्रो.संजय सप्तर्षि के साथ साथ स्वयंसेवियों द्वारा जिला राजनांदगांव वन विभाग भ्रमण किया गया।






दिनांक **18/07/22** को रासेयो स्वयंसेवियों एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।





कारगिल विजय **दिवस 26 july 2022**

कारगिल विजय दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवियों द्वारा वंदे मातरम् स्तम्भ पर श्रधांजलि अर्पित किया गया।



दिनांक 2022/7/30 को एनएसएस द्वारा कॉलेज में कचरा प्रबंधन के लिए नाडेप का निर्माण।

महाविद्यालय से निकलने वाले कचरे जो खाद के रूप में परिवर्तन किया जा सकता है ऐसे कचरों के लिए नाडेप का निर्माण किया गया।






तिरंगा रैली

**30/07/2022** को रासेयो द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय से होकर शहर के मुख्य चौक से होते हुए वापस महाविद्यालय में ख़त्म किया गया।















हेल्प डेस्क _

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में रासेयो के स्वयंसेवियों द्वारा पूरे अगस्त महीने में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के समय सहायता के लिए हेल्प डेस्क लगाया गया जिसमे विभिन्न विद्यार्थियों के प्रवेश संबंधित व अन्य कार्य संबंधित सयाहता विद्यार्थियों को प्रदान की गई ।






**12अगस्त 2022 को रासेयो के स्वयंसेवियों द्वारा अंतराष्ट्रीय यूवा दिवस मनाया गया जिसमें राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे मे बताया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में किया गया । इस कार्यक्रम में युवा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी को याद करते हुए उनके जीवन से आज के युवाओं को प्रेरित करने का विख्यान दिया गया ।**









## हर घर तिरंगा

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के संरक्षण में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में रासेयो के स्वयंसेवियों द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान "हर घर तिरंगा" का समर्थन करते हुए विद्यालय से लेकर विभिन्न स्थानों से होते हुए तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।






# स्वतंत्रता दिवस

**15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के द्वारा महाविद्यालय परिसर में ध्वजा रोहन किया गया जिसमे विभिन्न कर्मचारी, अधिकारी तथा रासेयो के स्वयंसेवी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।**






**सद्भावना  दिवस**

**दिनांक 18  अगस्त को एनएसएस द्वारा सद्भावना दिवस के अवसर पर सद्भावना रैली का आयोजन किया गया था जिसमे अलग अलग स्थानों से होकर रैली निकाली गई जिसमे इन विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थें।**






**जिला पुलिस राजनांदगांव द्वारा महिलाओ सम्बंधित Walk with us for Zero tolerance against women के लिए मैराथन में रासेयो की भागीदारी।**

दिनांक 2022/8/20 को रासेयो के स्वयंसेवियों द्वारा महिलाओ से संबंधित क्राइम को रोकने के लिए वालक्थोन किया गया तथा कार्यक्रम के पश्चात नस्ता प्रदान किया गया था जिसमे बहुत सारे अपशिष्ट पदार्थों को ऐसे ही सड़क पर फेंक दिया गया था जिसकी सफाई कर स्वयंसेवियों ने स्वच्छता का परिचय दिया और जागरूक किया।











# ***ड्रिल परेड एवं सप्ताहिक गतिविधि***

**दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में रासेयो के सभी स्वयंसेवियो को ड्रील परेड / शारीरिक अभ्यास एवं साप्ताहिक गतिविधि कराया। बतया गया कि ड्रील परेड शारीरिक विकास में बहुत ही मदद करता है ।**

**क्योंकि रासेयो मानसिक विकास बौद्धिक विकास में तो अपना करती ही है। लेकिन शारीरक विकास के लिए अब से परेड शुरू किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवियों से लेकर नए जुड़े स्वयंसेवी भी शामिल हुए।**



## दिग्विजय महाविद्यालय में ड्रील परेड एवं साप्ताहिक गतिविधि

राजनांदगांव। (अमर छत्तीसगढ़) दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में रासेयो के सभी स्वयंसेवियो को ड्रील परेड/ शारीरिक अभ्यास एवं साप्ताहिक गतिविधि कराया। बतया गया कि ड्रील परेड शारीरिक विकास में बहुत ही मदद करता है ।

क्योंकि रासेयो मानसिक विकास बौद्धिक विकास में तो अपना करती ही है। लेकिन शारीरक विकास के लिए अब से परेड शुरू किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवियों से लेकर नए जुड़े स्वयंसेवी भी शामिल हुए।

# *शिक्षक दिवस*

**दिनांक 5 सितंबर को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि एवं प्रो करूणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना  के स्वयंसेवियों द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दिन सभी विद्यार्थियो को महाविद्यालय के विभिन्न प्राध्यापको द्वारा बताया गया कि देश के प्रति हम सब की जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया तथा विद्यार्थियों को जीवन सफलता का मूल मंत्र दिया गया।**







# *एनएसएस द्वारा (53वी) N.S.S दिवस(24 सितंबर )*

**दिनांक 24 सितंबर, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि एवं प्रो करूणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के गायक व रासेयो के पूर्व वरिष्ठ स्वंसेवक रह चुके कांतिकार्तिक यादव थे। इस दिन सभी स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई के द्वारा स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया कि "स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी है"।**

**इसके पश्चात महिला सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक कर जागरूक किया।**







**2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर नशा निषेध सप्ताह**

एनएसएस द्वारा मद्य निषेध सप्ताह (2 से 8अक्टूबर 2022) के अंतर्गत नशा जागरूकता रैली उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान, तम्बाकू, गुटखा, सिगरेट की लत एवं नशीले मादक द्रव्यों, पदार्थों के दुष्परिणामों से छात्र-छात्राओं व समाज को अवगत कराना है ताकि मादक द्रव्य एवं मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए जनचेतना का निर्माण हो सके।






## 1 अक्टूबर स्वेच्छिक रक्तदान दिवस।

स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के (1 अक्टूबर)अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा रक्तदान।






**2 अक्टूबर** 2022

जिला प्रशासन एवं नगर पालिका जिला राजनांदगांव के साथ एनएसएस द्वारा (2 अक्टूबर 2022) आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जागरूकता साइकिल रैली।



**15 अक्टूबर** 2022

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ए पी जे अब्दुल कलाम जयंती (15 अक्टूबर 2022) अवसर पर उन्हें नमन करते हुए भाषण प्रतियोगिता एवं उनकी जीवनी को स्वयंसेवियों बताते हुए कलाम जयंती मनाया गया।












**(31 अक्टूबर 2022)**

राष्ट्रीय एकता दिवस  के अवसर पर जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा आयोजित एकता दौड़ में सम्मिलित एनएसएस के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं।



**31/10/ 2022**

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एनएसएस द्वारा क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन।

साथ ही साथ राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण भी लिया गया।






# 02/11/2022

दिनांक 2/11/2022 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि एवं प्रो करूणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना  के स्वयंसेवियों द्वारा शीतला मंदिर परिसर को साफ सफाई  पर जागरूकता अभियान चलाया गया  तथा यह बताया गया की "स्वच्छता हम सब को जिम्मेदारी है"।










***<u>पुन्नी मेला के अवसर पर रासेयो द्वारा मोहारा परिसर पर स्वच्छता कार्यक्रम</u>***

दिनांक 4/12/2022 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि एवं प्रो करूणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा मोहरा पुन्नी बी मेला के अवसर पर शिवनाथ नदी तट की साफ सफाई द्वारा स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया ।

जिसमे नदियों के किनारों की साफ सफाई की गई क्यों कि गंदगी से विभिन्न बीमारियां फैलती है जो शरीर को नुकसान पहुंचाती है। इसकी साफ सफाई इसलिए जरूरी है क्यों कि इसी के द्वारा आस पास के क्षेत्रों में इसी नदी के जल द्वारा फसलों में सिंचाई की जाती है ।

<u>"प्रकृति की स्वच्छता में सुंदरता है तथा प्रकृति की सुंदरता में मनुष्य की स्वस्थता है"</u>






(NDRF) National Disaster response force की टीम द्वारा रानी सागर में यह मानकर की  और वंहा बाढ़ की स्तिथि बनाकर   आपदा प्रबंधन जिसके अंतर्गत  बाढ़ में पानी में डूबते व्यक्ति  को दैनिक  दिनचर्यों के साधनो से कैसे बचाया जाये। और जब सामान हमारे पास उपस्तिथ है तो कैसे बचाया  जाएँ और प्राथमिक चिकित्सा दिया जाने की सारी जानकारियों से अवगत कराया गया जिसमें शास. दिग्विजय महाविद्यालय से एनएसएस व एनसीसी के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए थे।
(NDRF) National Disaster response force की टीम द्वारा रानी सागर में यह मानकर की  और वंहा बाढ़ की स्तिथि बनाकर   आपदा प्रबंधन जिसके अंतर्गत  बाढ़ में पानी में डूबते व्यक्ति  को दैनिक  दिनचर्यों के साधनो से कैसे बचाया जाये। और जब सामान हमारे पास उपस्तिथ है तो कैसे बचाया  जाएँ और प्राथमिक चिकित्सा दिया जाने की सारी जानकारियों से अवगत कराया गया।











# ***वोटर आईडी कार्ड निर्माण***

दिनांक 5 नवंबर 2022 को हमारे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के. एल. टांडेलकर के मार्गदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि सर एवं प्रो. करुणा रावटे मैम के नेतृत्व मे स्वयंसेवियों द्वारा वोटर आईडी कार्ड निर्माण हेतु शिविर का आयोजन किया गया।



<u>***मतदाता जागरूकता रैली व पैदल मार्च***</u>

दिनांक 9 नवंबर 2022 को हमारे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के. एल. टांडेलकर के मार्गदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि सर एवं प्रो. करुणा रावटे मैम के नेतृत्व मे स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए रासेयो स्वयंसेवियो द्वारा पैदल मार्च तथा साइकिल रैली का आयोजन किया गया ।












दैनिक भास्कर राजनांदगांव 10-11-2022

## पैदल मार्च के साथ साइकिल रैली का भी किया आयोजन

राजनांदगांव. महाविद्यालय स्तर पर साइकिल रैली भी निकाली गई।

राजनांदगांव| स्वीप गतिविधि के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर साइकिल रैली एवं पैदल मार्च कर आम जन तक प्रचार-प्रसार किया गया। साइकिल रैली एवं पैदल मार्च जिले के सभी कॉलेज में स्वीप नोडल अधिकारी कैंपस एम्बेसडर एनसीसी, एनएसएस के समन्वय से हुआ। जिला स्तरीय आयोजन शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में जिला स्तरीय स्वीप आयोजन में साइकिल रैली और पैदल मार्च छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए वापस महाविद्यालय में समाप्त हुई। शहर भ्रमण के दौरान रैली में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने वाले नारे लगाए गए।

# ***सद्भावना दिवस***

19/11/2022 को एनएसएस, एनसीसी एवं रेड रिबन द्वारा सांप्रदायिक सद्भावना रैली निकाला गया एवं शहीद सैनिक परिवारों के लिए डोनेशन एकत्र किया गया।









# आपदा प्रशिक्षण

केंद्र सरकार एवं आपदा प्रशिक्षण टीम [NDRF) के तत्वाधान में संचालित आपदा प्रशिक्षण में आपदा मित्र के अंतर्गत एनएसएस के स्वयंसेवक आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण में भाग लिये।

ग्राम बरगा राजनांदगांव में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण हेतु 21 नवंबर से 3 दिसंबर 2022 तक आवासीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 25 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया था । यह NDRF, शिक्षा, स्वास्थ सेवा एवं अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण एवं लाभदायक है।



# एड्स दिवस 1 दिसंबर 2022

# विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ :

दिनांक -01/12/2022

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार एवं संस्थाके प्राचार्य डॉ के.एल.टांडेकर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 1 दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रास, रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया साथ ही विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. भारतीय साहू एवं डॉ रितुजा चौधरी शासकीय डेंटल कॉलेज राजनांदगांव ने विद्यार्थियों को एड्स रोग होने के कारण परिणाम लक्षण एवं एड्स रोग से बचने के उपाय से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान किए एवं उन्हें जागरूक किया प्राचार्य डॉ. के.एल.टांडेकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्व एड्स दिवस का आयोजन कब से और क्यों इसकी शुरुआत हुई इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किए एवं बच्चों को एड्स रोग से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया व्याख्यान के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा शहर में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई जो महाविद्यालय प्रांगण से शुरू होकर दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक और फव्वारा चौक होते हुए महाविद्यालय में संपन्न हुआ तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर मे एड्स जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रो.संजय देवांगन संयोजक युथ रेडक्रास द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर वंदना मिश्रा संयोजक रेड रिबन क्लब प्रो.संजय सप्तर्षि कार्यक्रम अधिकारी (nss) प्रोफेसर करूणा रावटे ,डॉ अश्विनी शर्मा प्रोफेसर रागनी पराते एवं 150 विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा












## विश्व स्वयं सेवक दिवस

**दिनांक - 05 /12/2022**

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेलकर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि, प्रो.करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय प्रागण क्षेत्र में स्वच्छता कार्य करके और साथ ही साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाकर रखने की अपील करते हुए विश्व स्वयंसेवक दिवस मनाया गया।

स्वच्छता रखने से ही स्वस्थ्य रहा जा सकता है । रासेयो के स्वयंसेवियों द्वारा प्लास्टिक को बंद करने हेतु नारे लगाकर लोगो को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में रासेयो के सभी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्तिथ रहे।

# दिग्विजय महाविद्यालय के रासेयो द्वारा मनाया गया विश्व स्वयंसेवक दिवस

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेलकर जी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षि, प्रो.करुणा रावटे जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय प्रागण क्षेत्र में स्वच्छता कार्य करके और साथ ही साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाकर रखने की अपील करते हुँ विश्व स्वयंसेवक दिवस मनाया गया। स्वच्छता रखने से ही स्वस्थ रहा जा सकता है।रासेयो के स्वयंसेवियों द्वारा प्लास्टिक को बंद करने हेतु नारे लगाकर लोगो को जागरूक किया गया । इस कार्यक्रम में रासेयो के सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्तिथ रहे।



**दिनांक - 07/12/2022**

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के स्वीप टीम द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ के. एल. टंडेकर के निर्देशन और मार्गदर्शन में 7 दिसंबर 2022 को मतदाता परिचय पत्र बनाने हेतु एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया ।इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर संजय सप्तर्षि और प्रोफेसर करुणा रावटे एवं विद्यार्थियों का संपूर्ण योगदान रहा।





# स्वीप टीम द्वारा महाविद्यालय में बनाया जा रहा है मतदाता परिचय पत्र

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के स्वीप टीम द्वारा महाविद्यालय में शिविर लगाकर मतदाता कार्ड बनाया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य श्री के.एल.टांडेकर जी के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षी जी के नेतृत्व में परिचय पत्र निर्माण एवं सुधार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मतदाताओं के आधार कार्ड को मतदाता परिचय पत्र से जोड़ा गया साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवक युवतियों का नया वोटर कार्ड बनाया गया एवम् मतदाताओं के मतदाता कार्ड में सुधार संबंधी कार्य किया गया। इस शिविर से लोगों में जागरूकता आयी। और लगभग 30 विद्यार्थियों के आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ा गया साथ ही 50 विद्यार्थियों का नया मतदाता पहचान पत्र बनाया गया शिविर में कैम्पस एंबेसडर भागवत वर्मा, भुनेश्वरी साहू के साथ साथ स्वीप टीम सदस्य से विनोद टेम्भुरकर,लिलेश्वरी साहू,डामेश्वरी निर्मलकर,टीकम रावटे, गगन साहू, शिवम् यादव,सोनाली सिन्हा,दीपक कोसमा,अमन साहू,अभिषेक देवांगन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

**10/12/2022**

**<u>विश्व मानव अधिकार दिवस</u>**

विश्व मानव अधिकार दिवस पर समाज सेवा योजना द्वारा  जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

दिनांक 10/12/2022


10 दिसंबर विश्वमानव अधिकार दिवस के अवसर पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ के एल टाण्डेकर के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर संजय सप्तर्षी एवं करुणा रावटे प्रोफ़ेसर के मार्गदर्शन में एनएसएस द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के मौलिक अधिकार के प्रति लोगों में रैली के माध्यम से जागरूकता लाया जा सके लोग अपने मौलिक अधिकारों को समझ सके।



**23/12/2022**

**<u>राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कृत्रिम घोंसला निर्माण प्रशिक्षण शिविर</u>**

सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा आर्टिफिशियल घोंसला बनाने सिखाया गया जिसमें  महाविद्यालय के ताड़ के वृक्ष के सूखे हुए तने की छाल के प्रयोग से  घोंसला बनाया गया।





**दिनांक 16/01/2023**

साक्षी फाउंडेशन द्वारा ऑनलाइन जागरुकता कार्यक्रम :-



# साक्षी फॉउंडेशन द्वारा ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**राजनांदगांव/अमर छत्तीसगढ़।**

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षी के नेतृत्व में साक्षी फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे है प्रोजेक्ट द रक्षिन के विषय में ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। साक्षी फाउंडेशन ने बताया की किस प्रकार एक लड़की एक महिला या छोटी बच्चियों के यौन शोषण को रोकने के लिए द रक्षिन प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। साक्षी फाउंडेशन ने ही यौन उत्पीड़न अधिनियम 2010, किशोर न्याय अधिनियम 2010, पाक्सो एक्ट 2012 को लागु करवाएं । इन अधिनियमो के लागु होने के वजह से आज बाल यौन शोषण में कुछ सुधार हुआ और आज भी इसमें सुधार बाकि है इसी वजह से जागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित कर रही है। साथ ही उन्होंने बताया की बाल यौन शोषण के दुर्व्यवहार क्या है किन किन कारणों से हम शोषण के शिकार होते है यह विस्तार से बताएं। बच्चों युवतियों के साथ साथ युवको के साथ भी शोषण किया जाता है तो इस विषय में भी साक्षी फाउंडेशन ने कैसे शिकायत दर्ज करनी है और किस प्रकार शोषण के शिकार होने से बचना है बताया। अंत में कार्यक्रम का आभार रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षी द्वारा किया गया और उन्होंने कहा की इस प्रोजेक्ट के तहत हम महाविद्यालय स्तर में पर भी जागरूकता अभियान चलायेंगें । इस कार्यक्रम में रासेयो के स्वयंसेवक थानसिंह साहू, दीपक कुमार, विनोद टेम्बुकर, टिकेश्वरी देवांगन रीना साहू अंजलि यादव एवं अन्य लगभग 50 स्वयंसेवी कार्यक्रम में जुड़े रहे।

<u>**ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण शिविर***</u>







दिनांक 17 जनवरी 2022 दिन मंगलवार को हमारे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के. एल. टांडेलकर के मार्गदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तऋषि सर एवं प्रो. करुणा रावटे मैम के नेतृत्व मे स्वयंसेवियों द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण हेतु निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कलेक्टेड परिसर में पेंटिग:-**






दिनांक 21/01/2023 को शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य  डॉ. एल टांडेलकर के मार्गदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तऋषि सर एवं प्रो. करुणा रावटे मैम के नेतृत्व मे स्वयंसेवियों द्वारा कलेक्टेड परिसर में पेंटिग किया गया , जिसमें स्वयंसेवियों द्वारा  छत्तीसगढ़ी  संस्कृति के विभिन्न अंशो का चित्रण किया गया।

**गणतंत्र दिवस:-**






शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेलकर के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया।जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवी उपस्थित थे

# *वार्षिक उत्सव में एनएसएस द्वारा सहयोग*

दिनांक 16/02/2023

शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि और प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व  में रासेयो के सांस्कृतिक दल द्वारा छत्तीसगढ़ी थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके साथ साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वयंसेवियो द्वारा वार्षिक उत्सव के तैयारियों में भी अपना सम्पूर्ण योगदान दिया।











***<u>दिनांक 16/2/2023 को एनएसएस और रेडक्रॉस द्वारा कॉलेज में कृमि दवाई का वितरण</u>***




शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेलकर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि, प्रो.करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा लोगों को डिवर्मिंग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया साथ साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एडबेंडाजोल टैबलेट का वितरण किया **गया**